Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited

BMSICL (A Govt. of Bihar undertaking)

CIN No. : U85100BR2010SGC015886

पत्रांक : BMSIC/80100/02-2019/5380

दिनांकः– 20/09/2024

प्रेषक,

मुख्य महाप्रबंधक (परि0),
BMSICL, पटना

सेवा में,

M/s Raj Construction,
At-Chauria Tola, P.O-Dhumnagar,
P.S-Jagdishpur, West Champaran, Pin-845438

विषयः अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिडाडी, प्रखंड–मैनाटाँड़, जिला–पश्चिम चम्पारण के निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं करने के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः–निगम का पत्रांक–4839 दिनांक 04.09.2024

महाशय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में कहना है कि **अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिडाडी, प्रखंड–मैनाटाँड़, जिला–पश्चिम चम्पारण के निर्माण कार्य** हेतु आपके फर्म को निगम के पत्रांक 5558 दिनांक 17.12.2019 द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया है। कार्यादेश के अनुसार कार्य पूर्णता की अवधि 09 माह अर्थात् दिनांक 16.09.2020 तक प्रावधानित है, परंतु अभी तक आपके फर्म द्वारा केवल 90 प्रतिशत ही निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है, जबकि कार्य पूर्णता की तिथि समाप्त होकर 47 माह से अधिक व्यतीत हो जाने के बावजूद भी आपके द्वारा अभी तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है एवं कार्य अत्यंत धीमी गति से कराया जा रहा है जो घोर लापरवाही एवं शिथिलता का द्योतक है। जिसके कारण सरकार के जन–उपयोगी एवं जन–हित संबंधी इस अति–महत्त्वकांक्षी परियोजना का निर्माण ससमय पूर्ण नहीं कराया जा सका है। इसके फलस्वरूप इस निगम के प्रासंगिक पत्र के द्वारा आपसे स्पष्टीकरण की मॉंग की गई है, आपके फर्म के द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण दिनांक 11.09.2024 को निगम को प्राप्त है, जो कि मनगढ़ंत एवं सत्य से इतर है, जो आपके कार्य के प्रति लापरवाही का द्योतक है।

अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विषयांकित कार्य को ससमय पूर्ण करने के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही के कारण आपको बिहार ठेकेदारी नियमावली 2007 की कंडिका 11 (क) (ii) एवं एकरारनामा के सुसंगत कंडिका में वर्णित प्रावधानों के तहत् आपके फर्म को कार्य पूर्ण होने अथवा अगले एक साल तक जो भी पूर्व में हो, किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया जाता है।

इस प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

18/9/24

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80100/02-2019/5380 दिनांकः– 20/09/2024

प्रतिलिपिः–उपमहाप्रबंधक (परि0), पश्चिमी चंपारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/9/24

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80100/02-2019/5380 दिनांकः– 20/09/2024

प्रतिलिपिः– सभी महाप्रबंधक BMSICL एवं महाप्रबंधक (वित्त) सभी उपमहाप्रबंधक, BMSICL, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/9/24

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
2nd & 3rd Floor, Swasthya Bhawan, Behind IGIMS, Sheikhpura,
Adjacent to State Health Society, Patna 800014, Bihar.
Phone/Fax: +91-6122283287, +91-6122283289
www.bmsicl.gov.in

ज्ञापांक:– BMSIC/80100/02-2019/ दिनांक:–

प्रतिलिपि:–प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुल निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, भवन निर्माण विभाग निगम लि0, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

18/9/24

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांक:– BMSIC/80100/02-2019/ 5380 दिनांक:– 20/09/2024

प्रतिलिपि:–प्रबंध निदेशक महोदय, BMSICL पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

18/9/24

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांक:– BMSIC/80100/02-2019/ 5380 दिनांक:– 20/09/2024

प्रतिलिपि:–श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम) BMSICL को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि प्राप्त पत्र को BMSICL के बेवसाईट पर Upload किया जाए।

18/9/24

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)